PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Amar Ujala, Delhi**
**Friday 20th November 2015, Page: 9**
**Width: 4.00 cms, Height: 11.40 cms, a4, Ref: pmin.2015-11-20.36.157**

# मलेरिया व दर्द निवारक दवाएं एक रेट पर मिलेंगी

**बद्दी (सोलन) (ओमपाल सिंह)।** मलेरिया और दर्द निवारक दवाएं अब समान कीमतों पर मिलेंगी। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने दवाओं का मूल्य नियंत्रित कर दिया है। मलेरिया की दवा क्लोराक्यूनीन, पेट दर्द की मेट्रानिडाजोल और दर्द निवारक आइबुफ्रेन सभी दवा निर्माता निर्धारित मूल्य से अधिक पर नहीं बेच पाएंगे। अगर इस मूल्य से अधिक पर बाजार में दवा बिकती है तो राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की ओर से कुल निर्मित औषधि के बैच पर अर्थ दंड एवं वसूले गए अतिरिक्त मूल्य की भरपाई संबंधित दवा कंपनी से की जाएगी।



Anti malarial
killers to be
uniforme pric
(Pricing)